मिशन LiFE के तहत औषधीय पौधों के संरक्षण एवं वर्धन विषय पर प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन कार्यक्रम

Report on training program on conservation and propagation of medicinal plants under Mission LiFE

#Mission LIfe# **भा.वा.अ.शि.प.**-हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला द्वारा मिशन LiFE के अन्तर्गत वन विज्ञान केंद्र जगतसुख, मनाली कुल्लू में महत्वपूर्ण समशीतोष्ण औषधीय पौधों की संरक्षण एवं वर्धन विषय पर 27 मई, 2023 को एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम डॉ॰ जगदीश सिंह, वरिष्ठ वैज्ञानिक द्वारा प्रतिभागियो को मिशन LiFE पर विस्तृत जानकारी दी। प्रभारी निदेशक डॉ. संदीप शर्मा ने बिजली बचाने के विभिन्न उपाय सुझाए। इसके अलावा, उन्होंने ग्रामीणों को वर्षा जल संचयन अपनाने की सलाह दी और पारंपरिक तालाबों और जल स्रोतों का ध्यान रखने पर जोर दिया। इस अवसर पर निदेशक महोदय ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में आए किसानों तथा छात्रों को मिशन LiFE की शपथ दिलाई। तकनीकी सत्र के दोरन डॉ. जगदीश सिंह ने पर्यावरण प्रदूषण और इसके दुष्प्रभावों और इससे निपटने के तरीकों के बारे में बात की। उन्होंने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर अपना व्याखान दिया। उन्होने अपनी प्रस्तुति में "ग्रामीण आय वृद्धि एवं विविधिकरण हेतु प्रमुख उच्च औषधीय गुणों वाले शीतोष्ण औषधीय पौधों की खेती" पर जानकारी प्रदान की। इस प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन कार्यक्रम में गोजरा, नगर, पतलीकूल के किसान तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जगतसुख के छात्रों सहित लगभग 50 लोगों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियो को महत्वपूर्ण समशीतोष्ण औषधीय पौधो जैसे कडु, मुश्कबाला, चोरा, पतिश, नागछतरी तथा वन ककड़ी की कायिक विधि द्वारा प्रवर्धन की प्रत्यक्ष प्रदर्शन करवाया गया। कार्यक्रम मैं आए अध्यापकों, बच्चों तथा ग्रामीणो ने संस्थान द्वारा मिशन LiFE तथा औषधीय पौधों की महत्वपूर्ण एवं रोचक जानकारी प्रदान करने हेतु संस्थान का आभार वयक्त किया।

GLIMPSES OF THE PROGRAMME